तापमान
अधिकतम 34.5 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, जून 4, 2025

10 कई गांवों की बदलेगी तस्वीर 8.27 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास



10 हरियाणवी नृत्य पर कलाकारों ने मचाया धमाल..



## छह लाख के बिजली के तार और कार चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत में चोरों ने एक ही दिन में दो वारदातों को अंजाम दिया। गांव कारद में 33 केवी पावर हाउस से तार चोरी हुए। इसी क्षेत्र के गांव शाहपुर से एक ईको कार भी गायब हो गई। सेंचुरी कंपनी बीड 709 के कर्मचारी प्रवीण कुमार ने थाना इसराना में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि कंपनी भारत सरकार की मंजूरी से 33 केवी पावर हाउस का निर्माण कर रही है। एक जून की रात को चोर 2250 मीटर तार चुरा ले गए। चोरी के समय दो चौकीदार तैनात थे। चोरी हुए तारों की कीमत 6 लाख रुपए है। दूसरी वारदात में शाहपुर निवासी पवन ने बताया कि वह टैक्सी चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता है। एक जून की शाम को उसने अपनी कार घर के बाहर खड़ी की थी। पुलिस ने दोनों मामलों में एफआईआर दर्ज कर ली है।

## निर्जला एकादशी-श्रीहरि विष्णु और मां लक्ष्मी की कृपा का दिन

- निर्जला एकादशी को भीमसेनी एकादशी भी कहा जाता है

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र

निर्जला एकादशी को भीमसेनी एकादशी भी कहा जाता है, क्योंकि इस व्रत को सबसे पहले पांडव पुत्र भीम ने किया था। पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 6 जून को रात 2 बजकर 15 मिनट पर आरंभ हो रही है, जो 7 जून को सुबह 4 बजकर 47 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में उदया तिथि के आधार पर निर्जला एकादशी व्रत 6 जून को रखा जाएगा, जो गृहस्थ लोग रख सकते हैं। इसके अलावा वैष्णव संप्रदाय के लोग 7 जून 2025 को रखेंगे। निर्जला एकादशी व्रत हर साल ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को रखा जाता है और जैसा कि नाम इसके नाम से पता चल रहा है, इसमें निर्जला व्रत रखने का विधान है। यह व्रत सबसे कठिन एकादशी में से एक माना जाता है, इसलिए इसके नियमों का पालन करना बहुत महत्वपूर्ण है ताकि व्रत खंडित न हो और व्रती को इसका पूरा फल प्राप्त हो सके। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के संचालक डॉ. रामराज कौशिक ने बताया कि निर्जला एकादशी पर व्रत का नियम का पालन करना है जरूरी एकादशी व्रतों में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण एकादशी होती है। इसे निर्जला-एकादशी या भीमसेनी एकादशी भी कहा जाता है। केवल निर्जला एकादशी व्रत करने मात्र से वर्ष भर की सभी 24 एकादशियों के व्रतों का पुण्यफल प्राप्त हो जाता है। अतः जो साधक वर्ष की समस्त एकादशियों का व्रत कर पाने असमर्थ हों, उन्हें निर्जला एकादशी अवश्य करना चाहिए।

### निर्जला एकादशी का महत्व



हिन्दू पंचाग के अनुसार, वृषभ और मिथुन संक्रांति के बीच ज्येष्ठ मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी निर्जला एकादशी कहलाती है। यह व्रत मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के नजरिए से भी अति महत्त्वपूर्ण है। एकादशी का व्रत भगवान विष्णु की आराधना को समर्पित है। इस एकादशी का व्रत करके श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार दान करना चाहिए। इस दिन विधिपूर्वक जल कलश का दान करने वालों को पूरे साल की एकादशियों का फल मिलता है। जो इस पवित्र एकादशी व्रत को करता है, वह समस्त पापों से मुक्त हो जाता है। विशेष एकादशी के पूजन का है विशिष्ट नियम इस विशेष एकादशी के पूजन का विशिष्ट नियम भी है, जिसका अनुपालन बहुत जरूरी होता है। इस दिन अन्न का त्याग बहुत जरूरी है। इस दिन किसी भी प्रकार का अनाज पूरी तरह से वर्जित है। इसमें फलाहार भी मान्य नहीं है। व्रत के दौरान मन को शांत और शुद्ध रखना चाहिए। किसी के प्रति बुरे विचार नहीं लाने चाहिए और तीखा बोलने से बचना चाहिए। दिनभर कम बोलना चाहिए और हो सके तो मौन रहना चाहिए। दिन में सोने से बचना चाहिए। इस व्रत में ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए और शारीरिक इच्छाओं पर नियंत्रण रखना चाहिए। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और कथा सुनना चाहिए। इसके साथ ही इस तिथि पर रात में जागरण करना भी शुभ माना जाता है।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी अभि को गिरफ्तार किया है। पीड़ति महिला ने 1 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 22 मई 2025 से 24 मई 2025 के दौरान अज्ञात आरोपी ने उसके निर्माणाधीन घर से पानी के नल, बिजली के तारें व अन्य सामान चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### कम आयु के बच्चों को वाहन न दें परिजन

**अंबाला।** पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने अभिभावकों से कहा कि वह अपने कम आयु के बच्चों को एक्टिवा, मोटरसाइकिल व कार इत्यादि सड़क पर चलाने हेतू न दे। कम आयु के बच्चे पूर्णरूप से परिपक्व नहीं होते। यातायात के नियमों की जानकारी न होने के कारण छोटे बच्चे वाहनों को लापरवाही से चलाते हैं। इससे वह अपने तथा दूसरों के जीवन में जोखिम में डाल देते हैं। एसपी ने अभिभावकों से कहा है कि निर्धारित आयु होने पर ही बच्चों का लाइसेंस बनवाकर उन्हें वाहन चलाने की अनुमति दें।

### पानीपत से महिला बैंक कर्मी लापता

**पानीपत।** पानीपत के गांव आसन कलां से प्राइवेट बैंक में कर्मचारी महिला संदिग्ध हालात में लापता हो गई। वहीं महिला का पति पति एक प्राइवेट फैक्ट्री में काम करता है। 18 मई को महिला सुबह बैंक में ड्यूटी के लिए गई थी। जबकि पति भी फैक्ट्री चला गया था और तीनों बच्चे घर पर थे। शाम को जब पति घर लौटा, तो पत्नी नहीं पहुंची थी। देर रात तक उसका कोई पता नहीं चला। पति की शिकायत पर पुलिस चौकी थर्मल ने महिला की गुमशुदी का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### हथियार व कारतूसों के साथ दो पकड़े

**समालखा।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने समालखा के नजदीक जीटी रोड पर निरंकारी सत्संग भवन के पास एक्टिवा सवार कृष उर्फ हन्नी पुत्र फूल कुमार निवासी गांव सरगथल व सौरभ पुत्र बिजेंद्र निवासी गांव जाहरी जिला सोनीपत को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक देसी पिस्तौल .315 बोर, एक देसी पिस्तौल .12 बोर व दो जिंदा रौंद बरामद हुए है। एंटी नारकोटिक्टस सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि दोनों आरोपियों का आपराधिक रिकार्ड रहा है।

### अवैध हथियार के साथ एक युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण टू की टीम ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देसी पिस्टर व दो जिंदा कारतूस बरामद किए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव भंभौली के पास एक संदिग्ध युवक घूम रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर युवक वहां से भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास से देसी पिस्टल व दो जिंदा रौंद बरामद हुए।

### भारतीय आर्य भजनोपदेशक परिषद् के वार्षिक अधिवेशन में बोले गुजरात के राज्यपाल

## प्राकृतिक खेती को भी मिशन बनाएं आर्य समाज के प्रचारक : आचार्य देवव्रत

खेतों में पड़ने वाले पेस्टीसाइड हमारे भोजन के द्वारा हमारे शरीर में जा रहे हैं जो गंभीर बीमारियों का कारण बनते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



आर्य समाज के भजनोपदेशकों के साथ गुजरात के राज्यपाल एवं गुरुकुल के संरक्षक आचार्य देवव्रत। फोटो : हरिभूमि

आर्य समाज ने हमेशा समाज से कुरीतियों को दूर कर मानव उत्थान का कार्य किया है, विशेष तौर पर आर्य समाज के भजनोपदेशकों और प्रचारकों ने गांव-गांव, गली-गली जाकर लोगों को पाखंड, अंधविश्वास और छुआछूत जैसी विसंगतियों के खिलाफ जागरूक किया और समाज में सकारात्मक बदलाव के साक्षी बने। आज फिर समाज को ऐसे ही बदलाव की जरूरत है जो खेती के क्षेत्र में होना अति आवश्यक है क्योंकि खेतों में प्रयोग हो रहे यूरिया, डीएपी और पेस्टीसाइड हमारे स्वास्थ्य को बीमार बना रहे हैं, जिससे केवल प्राकृतिक खेती ही हमें बचा सकती है। ये विचार गुजरात के राज्यपाल एवं गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संरक्षक आचार्य देवव्रत ने भारतीय आर्य भजनोपदेशक परिषद के वार्षिक अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए।


आचार्य ने कहा कि आर्य समाज के प्रचारकों को हिन्दी आन्दोलन, गो रक्षा आन्दोलन की तरह ही अब प्राकृतिक खेती मिशन को एक आन्दोलन के रूप में चलाना होगा ताकि देश का किसान रासायनिक खेती को छोड़कर गो आधारित प्राकृतिक खेती की ओर लौटे। आचार्यश्री ने कहा कि आज 8-10 वर्ष के बच्चों को भी कैंसर जैसी घातक बीमारी हो रही हैं, मां के दूध में भी यूरिया की पुष्टि देश के वैज्ञानिक कर चुके हैं। हर घर में शुगर, बीपी जैसी बीमारियों के मरीज हैं। यह सब हमारे दूषित खानपान के कारण हो रहा है। खेतों में पड़ने वाले पेस्टीसाइड हमारे भोजन के द्वारा हमारे शरीर में जा रहे हैं जो इन गंभीर बीमारियों का कारण बनते हैं। डब्ल्यूएचओ का तो यहां तक कहना है कि आने वाले 10-15 वर्षों में भारत में कैंसर विस्फोट होगा। ऐसे में हम सभी का यह दायित्व है कि मानव कल्याण और प्रकृति के संरक्षण के लिए प्राकृतिक खेती को अपनाएं और दूसरे लोगों को इसके लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर आचार्यश्री ने गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग के साथ वयोवृद्ध भजनोपदेशक धनीराम बेधड़क, मास्टर हरी सिंह, बीर सिंह आर्य, अमर सिंह, पंडित सीताराम और श्रीमती संतोषबाला आर्या को 11 हजार रुपये, शॉल और श्रीफल देकर आर्यसमाज के प्रचार-प्रसार में उनके योगदान के लिए सम्मानित भी किया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर परिषद् प्रधान सहदेव सिंह बेधड़क, उप प्रधान पंडित योगेश दत्त, महामंत्री कैलाश कर्मठ, ओएसडी टू गर्वनर डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार, दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री विनय आर्य एवं गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग सहित अनेक आर्य विद्वान और प्रचारक मौजूद रहे।

## कार की टक्कर से स्कूटी सवार भांजे की मौत, मामा गंभीर

- नेशनल हाईवे 344 पर गांव फूंसगढ़ के पास हुआ हादसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

नेशनल हाईवे 344 पर गांव फूसगढ़ के पास कार की टक्कर लगने से स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। जबकि उसका मामा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। हादसे के समय मृतक युवक अपने मामा को स्कूटी पर दवाई दिलवाने के लिए गांव सुढैल जा रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

जानकारी के अनुसार गांव मिल्क सुखी निवासी बलबीर सिंह ने बताया कि उसकी जम्मू कॉलोनी में रिश्तेदारी है। उसका रिश्तेदार जम्मू कॉलोनी निवासी कृष्ण लाल कई दिन से बीमार रहा है। वह उसका हाल जानने के लिए उसके घर गया था। कृष्ण लाल का भांजा रणजीत कॉलोनी निवासी 50 वर्षीय राकेश गिल भी वहां पर आया हुआ था। तब उसने अपने रिश्तेदार को सुढैल गांव में डॉक्टर से देसी दवाई दिलाने की सलाह दी। जिसके बाद कृष्ण लाल को उसका भांजा राकेश गिल स्कूटी पर बिठाकर दवा दिलाने सुढैल ले जा रहा था। वह भी उनके साथ अलग बाइक पर था। नेशनल हाईवे 344 पर जब राकेश गिल व उसका मामा कृष्ण लाल गांव फूसगढ़ के मोड के पास पहुंचे तो सहारनपुर की तरफ से तेज गति से कार लेकर आ रहे कालका निवासी विकास ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही राकेश गिल व कृष्ण लाल सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी कार चालक कुछ देर मौके पर रुकने के बाद वहां से फरार हो गया। उसने राहगीरों की मदद से घायल राकेश गिल व कृष्ण लाल को शहर के निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने राकेश गिल को मृत घोषित कर दिया जबकि कृष्ण लाल का उपचार अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने आरोपी कार चालक कालका निवासी विकास पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## वर्क आर्डर हो चुके विकास कार्यों को जल्द निपटाएं: बहमनी

- मेयर ने कनिष्ठ अभियंताओं की बैठक लेकर ली वार्ड वाइज विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



**यमुनानगर।** कन्हैया साहिब चौक स्थित निगम कार्यालय में कनिष्ठ अभियंताओं की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए मेयर सुमन बहमनी। *फोटो : हरिभूमि*

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी के कनिष्ठ अभियंताओं की बैठक का आयोजन मंगलवार को शहर के कन्हैया साहिब चौक के नजदीक स्थित निगम के कार्यालय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता मेयर सुमन बहमनी ने की। उन्होंने बैठक में वार्ड नंबर एक से 22 में होने वाले व निर्माणाधीन विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की।

मेयर सुमन बहमनी ने बैठक में वार्ड वाइज हर कनिष्ठ अभियंता से उनके वार्ड में निर्माणाधीन गलियों, नालियों, सामुदायिक भवनों, पार्कों के सौंदर्यीकरण, मरम्मत कार्य व अन्य विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट ली।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन जिन विकास कार्यों के वर्क ऑर्डर हो चुके है, उन्हें निर्धारित समय पर पूरा कराएं। सभी कनिष्ठ अभियंता वार्डों में हो रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करें। हर विकास कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं होगा। मेयर ने निर्देश दिए कि जिन विकास कार्यों के एस्टीमेट तैयार हो चुके हैं। उनके जल्द टेंडर अलॉट किए जाए। जिन विकास कार्यों के वर्क अलॉट हो चुके हैं। उनके निर्माण में तीव्रता लाएं। जिन नियमित कॉलोनियों में कार्य होने हैं। उनके एस्टीमेट तैयार कर जल्द करवाएं। जो काम वर्क अलॉट होने के बाद शुरू नहीं हो पाए उनका कारण पता कर जल्द शुरू कराएं।

## शिक्षा के साथ खेलों से होता विद्यार्थियों का विकास

- भगत फूल सिंह गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज खानपुर में आयोजित हुआ उमंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इसराना

भगत फूल सिंह गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज खानपुर में आयोजित उमंग में एनसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल इसराना के छात्रों ने भाग लेकर मेडल जीते। जिनका आज एनसी मेडिकल में पहुंचने पर कॉलेज मैनेजमेंट व स्टाफ की तरफ से स्वागत किया गया। कॉलेज प्रिंसिपल मेजर जनरल डॉ.पीके सिंह ने छात्रों को आशीर्वाद देते हुए कहा छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी भाग लेना चाहिए। जिससे छात्रों में कंपटीशन की भावना के साथ.साथ मन में शांति व प्रेम भावना बढ़ती है। इसके साथ ही खेलों से विद्यार्थियों के अंदर खेल भावना का विकास होता है और वह भविष्य में अच्छा इंसान बनात है।



**पानीपत।** एनसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्रिंसिपल डॉ.पीके सिंह, डॉ. निवोदिता पांडेय व कर्नल रामकुमार के साथ विजेता खिलाड़ी। *फोटो : हरिभूमि*

### ये रहे परिणाम

खेल व सांस्कृतिक प्रोग्राम की डायरेक्टर प्रो.डॉ.निवेदिता पांडेय ने बताया बीपीएस खानपुर में आयोजित उमंग में आस्था यादव ने डिस्कस थ्रो में गोल्ड मेडल व शॉटपुट में ब्राउंस मेडल, ओसीन श्योरान ने 100 मीटर में सिल्वर 200 मीटर में ब्रांउज मेडल, रितेश ने बैडमिंटन सिंगल में गोल्ड, इसके साथ ही बैडमिंटन मिक्स डबल में साक्षी के साथ सिल्वर मेडल जीता और करण प्रताप बैच चेस ग्रैंड मास्टर में गोल्ड मेडल, गुनीत बैच ने टेबल टेनिस में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया।

### विजेताओं को बधाई

वहीं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में ओशीन ने इंग्लिश पोयम राइटिंग में फर्स्ट पोजीशन, अंशुल बैच हिंदी पोयम राइटिंग में प्रथम, गनतुया ने सोलो डांस में फरुट पोजीशन, भूमिका ने सोलो डांस में थर्ड पोजिशन हासिल की। कॉलेज अध्यक्ष भूषण गुप्ता, डीबी गुप्ता, विजय गुप्ता ने विजेता छात्रों को बधाई दी।

**हालात** वेयर हाउस व सोसायटी के बीच खरीद को लेकर नहीं हुआ एग्रीमेंट

## सूरजमुखी की 500 क्विंटल आवक, चार दिन बाद भी नहीं शुरू हो पाई सरकारी खरीद

फसल बेचने को लेकर किसानों को करना पड़ रहा परेशानी का सामना

- सरकार ने एक जून से प्रदेश की कुछ मंडियों में दे रखे थे आदेश
- 7280 रुपये प्रति क्विंटल की दर से होनी थी सरकारी खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़

दो खरीद एजेंसियों की अनाज मंडी से अभी तक सूरजमुखी की सरकारी खरीद शुरू नहीं हो पाई। इसी वजह से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश सरकार ने एक जून से प्रदेश की कुछ मंडियों में सूरजमुखी की सरकारी खरीद 7280 रुपये प्रति क्विंटल की दर से करने के आदेश जारी किए थे। निदेशालय खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के विभाग द्वारा जारी पत्र दिनांक 22 मई 2025 को आदेश जारी कर अनाज मंडी से सूरजमुखी की सरकारी खरीद करने का जिम्मा हरियाणा वेयरहाउस कॉरपोरेशन को दिया था। 4 दिन बीत जाने पर भी खरीद एजेंसी वेयरहाउस ने अनाज मंडी ने सूरजमुखी की खरीद आरम्भ नहीं की। वेयरहाउस के जिला प्रबंधक प्रदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि अनाज मंडी से सूरजमुखी की सरकारी खरीद करने हेतु उन्होंने दि नारायणगढ़ सहकारी विपणन एवं प्रसाधन समिति को खरीद करने के लिए लिख दिया था। उन्होंने यह भी कहा कि वे सोसायटी के माध्यम से ही अनाज मंडी से सूरजमुखी की खरीद करेंगे। इस बारे में हैफेड के मैनेजर अनिल कुमार से जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि सरकार ने वेयरहाउस को सूरजमुखी की खरीद करने के आदेश दिए हैं। वेयरहाउस के जिला प्रबंधक ने उन्हें उनकी सोसायटी के माध्यम सूरजमुखी की खरीद करने हेतु कहा तो है परंतु अभी तक खरीद को लेकर कोई भी एग्रीमेंट नहीं किया है। न ही वेयरहाउस के प्रबंधक सोसायटी से एग्रीमेंट करने को तैयार हैं। मैनेजर अनिल कुमार के अनुसार बिना एग्रीमेंट के कैसे सोसायटी खरीद करेगी। खरीद करने का खर्चा कौन वहन करेगा। बता दें कि प्रदेश में हैफेड द्वारा किसी भी फसल की सरकारी खरीद करने हेतु प्रदेश मंडी में स्थित सोसायटियों के साथ हैफेड का समझौता हुआ है। इसी समझौते के आधार पर ही मंडियों से सोसायटियां खरीद करती हैं।

#### स्टेट वेयरहाउस को आदेश दिए : मार्केट कमेटी सचिव

मार्केट कमेटी के सचिव अखिलेश शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा अनाज मंडी से सूरजमुखी की सरकारी खरीद करने हेतु स्टेट वेयरहाउस को आदेश दे रखे हैं परंतु वेयरहाउस के अधिकारी इस खरीद बारे कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे रहे हैं। शर्मा ने बताया कि अनाज मंडी में अभी तक लगभग 500 क्विंटल सूरजमुखी की आवक हो चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकारी द्वारा जारी आदेशानुसार वेयरहाउस कॉरपोरेशन को खरीद तुरंत प्रभाव से आरंभ कर देनी चाहिए। यदि वह अनाजमंडी में स्थित सोसायटी से खरीद करवाना चाहती है तो उन्हें सोसायटी के साथ एग्रीमेंट भी कर लेना चाहिए।

## तनाव के कारण 65 प्रतिशत लोगों को आ रहे हार्ट अटैक



बराड़ा। कार्यशाला के दौरान मौजूद शिक्षक। *फोटो : हरिभूमि*

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल में सीबीएसई बोर्ड के तत्वावधान में दो दिवसीय शिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें सीबीएसई द्वारा नामित रिसोर्स पर्सन ने शिक्षकों को व्यावहारिक और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। कार्यशाला में तनाव प्रबंधन विषय पर सत्र आयोजित किया गया, जिसका संचालन आशुतोष गौड़ ने किया। उन्होंने बताया कि तनाव हमारे जीवन में कैसे, कब और क्यों प्रवेश करता है। इसके मुख्य कारण क्या हैं। उन्होंने यह भी बताया कि तनाव कई बार हमारे अपने ही जीवनशैली और सोच के कारण उत्पन्न होता है। देश में तनाव से होने वाले हृदयघात के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि देश में 65% हार्ट अटैक के पीछे तनाव एक प्रमुख कारण है। उन्होंने यह भी बताया कि कार्यस्थल पर अत्यधिक दबाव और व्यक्तिगत संबंधों में खटास, जैसे तलाक भी तनाव को बढ़ावा देते हैं। इसका सीधा असर हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। इसके बाद सीमा तंवर ने तनाव को कम करने के उपायों पर चर्चा की। उन्होंने योग, ध्यान, साधना और मनोरंजन जैसे उपायों को दैनिक जीवन में शामिल करने की सलाह दी ताकि व्यक्ति संतुलित और तनावमुक्त जीवन सके।

## खबर संक्षेप

### अपराधियों पर सरकार अंकुश नहीं लगा पा रही: चौधरी



**करनाल।** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन चौधरी ने प्रदेश में बदमाशों द्वारा व्यापारियों को डरा धमका कर उनसे फिरौती मांगने की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बदमाश बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, जिससे हरियाणा का व्यापारी वर्ग दहशत में है। इसके लिए सरकार पूरी तरह से जिम्मेवार है। अपराध और अपराधियों पर सरकार अंकुश नहीं लगा पा रही। मदन मोहन चौधरी ने कहा कि सोमवार को करनाल की मोबाइल मार्केट में बाइक पर आए बदमाशों ने हवाई फायर कर दहशत फैलाने का प्रयास किया।

### 6 को होगी ब्लॉक स्तरीय योगासन प्रतियोगिता

**इंद्री।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के खंड इंचार्ज डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि हरियाणा योग आयोग पंचकूला के आदेशानुसार, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल जास्ट के नेतृत्व में व एसडीएम अशोक कुमार मुंजाल के मार्गदर्शन में 21 जून को 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उपमंडल स्तर पर अनाज मंडी इंद्री में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के तहत 6 जून को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री में ब्लॉक स्तर की योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### चौधरी भजनलाल की 14वीं पुण्य तिथि मनाई

करनाल। मंगलवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे चौधरी भजनलाल की 14वीं पुण्य तिथि पर एसपी कालोनी में सभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह कार्यक्रम कुलदीप बिश्नोई के हितेषी और विश्वास पात्र पवन शाहपुर की देखरेख में हुआ। बच्चों को जरूरत का सामान और फल बांटकर चौधरी भजनलाल की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस मौके पर पवन शाहपुर ने कहा कि भजनलाल वह नेता थे जिन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। भजन लाल हरियाणा के तीन बार मुख्यमंत्री रहे और केंद्र में मंत्री भी रहे।

### सड़क बनाने में लगभग 1 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत आएगी

# विधानसभा अध्यक्ष ने गोगडीपुर से पिंगली तक बनने वाली सड़क का किया शिलान्यास

सड़क के निर्माण से विशेष रूप से गोगडीपुर गांव व आस पास के किसानों और ग्रामीणों को लाभ मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने आज गांव गोगडीपुर से पिंगली - करनाल तक सम्पर्क सड़क का शिलान्यास किया। इस सड़क की लंबाई 2.53 किलोमीटर है। सड़क बनाने में लगभग 1 करोड़ 65 लाख रुपए की लागत आएगी, जिससे क्षेत्र के निवासियों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने ग्रामीणों का उनके स्नेह और सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गोगडीपुर से पिंगली तक एक सुगम सड़क का निर्माण क्षेत्र के ग्रामीणों की एक लंबे समय से चली आ रही मांग थी। इस सड़क के निर्माण से विशेष रूप से गोगडीपुर गांव व आस पास के किसानों और ग्रामीणों को लाभ मिलेगा।हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने आज गांव गोगडीपुर से पिंगली - करनाल तक सम्पर्क सड़क का शिलान्यास किया।

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा, भाजपा महामंत्री सतबीर गोस्वामी, जिला सचिव मंजू खैची, सरपंच संगीता देवी, सरपंच प्रतिनिधि अशोक शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहें।



करनाल। सड़क का शिलान्यास करते विधानसभाध्यक्ष हरविंद्र कल्याण।



कार्यक्रम में मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर और अन्य पदाधिकारी।

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश बना विश्व की चौथी बड़ी सबसे अर्थव्यवस्था : प्रवीण लाठर

**करनाल।** आज भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर की अध्यक्षता में संकल्प से सिद्धि तक' कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में अग्रसर है। इस मौके पर जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल ने बताया कि केंद्र की मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल 1 साल पूरे हो गए है. 11 साल पूरे होने पर भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व ने सभी राज्यों में संकल्प से सिद्धि तक अभियान चलाने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 सफल वर्षो की प्रेरणादायक यात्रा को समर्पित इस कार्यशाला में जिला प्रभारी भारत भूषण जुयाल ,मा. सांसद मनोहर लाल के प्रतिनिधि कविन्द्र राणा, कार्यक्रम संयोजक अशोक सुखीजा ,सह संयोजक यशपाल ठाकुर,कृष्ण गर्ग, जगदेव पाढा सहित सभी मंडल अध्यक्ष, सभी मंडलों के संयोजक एव सह संयोजक उपस्थित रहे।

# करनाल में कोरोना के केस फिर बढ़े, दो दिन में सात नए मरीज

हरिभूमि न्यूज, करनालः

जिले में एक बार फिर से कोरोना ने दस्तक दी है। पिछले दो दिनों में कोरोना के सात नए पॉजिटिव केस सामने आए हैं, जिससे स्वास्थ्य विभाग में सतर्कता बढ़ गई है। ताजा मामलों के साथ ही जिले में कुल केसों की संख्या 13 हो चुकी है, जिनमें से 11 एक्टिव केस हैं, जबकि 2 मरीज स्वस्थ होकर ठीक हो चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक मंगलवार को दो नए व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव पाए गए। इस दिन कुल 14 सैंपल लिए गए, जबकि अब भी 47 सैंपल की रिपोर्ट आना बाकी है। राहत की बात यह है कि सभी 11 पॉजिटिव मरीज होम आइसोलेशन में हैं और उनमें गंभीर लक्षण नहीं पाए गए हैं।

### कोरोना टेस्ट की सुविधा हर स्वास्थ्य केंद्र पर

डिप्टी सीएमओ डॉ. अनु ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों जैसे कि सीएचसी, पीएचसी, जिला नागरिक अस्पताल और कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज में कोरोना की जांच की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि अगर किसी को सर्दी, खांसी, बुखार या अन्य कोरोना जैसे लक्षण नजर आते हैं, तो वह तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर सैंपल दे।



### मासिक कृषि आउटरीच कार्यक्रम आयोजित

**करनाल।** पंजाब नेशनल बैंक करनाल मंडल द्वारा मंगलवार को मासिक कृषि आउटरीच कार्यक्रम "पीएनबी कृषि सेतु" का आयोजन एमसीसी/पीएलपी, सेक्टर-12, करनाल भवन के बाहर किया गया। इस कार्यक्रम कृषि कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. वज़ीर सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर अंचल कार्यालय चंडीगढ़ की सहायक महाप्रबंधक इक़बाल कौर ने भी सहभागिता की। सभी विशिष्ट अतिथियों का स्वागत मंडल प्रमुख श्री जगजीत सिंह द्वारा किया गया।

# कल धूमधाम से मनाया जाएगा श्री खाटू श्याम मंदिर करनाल का स्थापना दिवस

- 5 जून को निकाली जाएगी निशान यात्रा, 6 जून को होगा संकीर्तन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

श्री खाटू श्याम मंदिर पुरानी अनाजमंडी करनाल का स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर की स्थापना को तीन वर्ष पूरे हो चुके हैं। समारोह के अंतर्गत पांच जून को निशान यात्रा निकाली जाएगी। छह जून को भव्य एवं विशाल संकीर्तन का आयोजन होगा। मंदिर कमेटी के प्रधान देसराज गुप्ता ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में कार्यक्रम को लेकर जानकारी विस्तार से साझा की। उन्होंने कहा कि मंदिर को भव्य रूप में सजाया जा रहा है। संकीर्तन में हजारों लोग शामिल होकर श्याम बाबा का दीदार करेंगे। छह जून को निर्जला एकादशी है, जिसके चलते मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। श्याम प्रेमियों को कोई असुविधा न हो इसके लिए उचित व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि पांच जून की सुबह नौ बजे मंदिर से निशान यात्रा निकाली जाएगी। मुख्य बाजारों से होते हुए वापस मंदिर में विश्राम लिया जाएगा। देसराज गुप्ता ने बताया कि छह जून की शाम को मंदिर के साथ ग्राउंड में विशाल कीर्तन होगा। श्याम बाबा का दरबार भव्य रूप में सजाया जाएगा। कोलकाता से विशेष प्रकार के फूल मंगवाकर श्रृंगार किया जाएगा। करनाल जिला के कई गायकों सहित गुरप्रीत सिंह धालीवाल, दीक्षा वाधवा व विनय लाडला श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। श्याम रसोई में श्रद्धालु प्रसा ग्रहण कर सकेंगे। श्याम बाबा को 56 भोग लगाए जाएंगे। श्रद्धालुओं को महंत श्री बिट्टू भगत जी निज मंदिर मुख्य पुजारी श्री महामाया बालासुंदरी मंदिर त्रिलोकपुर का सानिध्य भी प्राप्त होगा। इस अवसर पर रामकरण, विनोद गुप्ता, राजेश गुप्ता, अनिल गर्ग व पंकिल गोयल मौजूद रहे।


करनाल। मंदिर के स्थापना दिवस की तैयारी में जुटी मंदिर समिति।

# ससुराल से लौटकर आए युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल में ससुराल से लौटे युवक ने अपने घर में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। युवक छह महीने से बेरोजगार था। युवक ने लव मैरिज की थी। वह अपनी पत्नी को मायके में छोडक़र बीती रात को ससुराल से घर लौटा था और सीधे अपने कमरे में चला गया। सुबह जब वह बाहर नहीं आया तो उसकी दादी ने जाकर देखा, जहां वह पंखे से लटका मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना करनाल के बकरा मार्केट इलाके की है। हर्षित सोमवार को अपनी पत्नी के साथ अंबाला स्थित ससुराल गया था। वहां से रात को करीब डेढ़ बजे लौटा। घर लौटते ही उसने अपनी दादी पार्वती को सिर्फ इतना कहा कि वह अपने कमरे में सोने जा रहा है।दादी ने सोचा कि वह थका हुआ है, इसलिए ज्यादा कुछ नहीं पूछा। लेकिन सुबह जब वह 11 बजे तक कमरे से बाहर नहीं आया, तो दादी को चिंता हुई। जब वह कमरे में गयी, तो अंदर का नजारा देख उनकी चीख निकल गई-हर्षित फंदे पर झूल रहा था। 5 महीने की बच्ची का पिता था हर्षितःहर्षित की दादी पार्वती ने बताया कि उसने अंबाला की लडक़ी से लव मैरिज की थी। शादी के बाद से वह अधिकतर समय ससुराल में ही रहता था और वहीं नौकरी की तलाश कर रहा था, लेकिन पिछले छह महीनों से बेरोजगार था।


करनाल। युवक की मौत के बाद बैठे गमजदा परिजन।



### योग दिवस के मद्देनजर साधकों को कराया योग

**करनाल।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मद्देनजर जन जन तक पहुंचने के लिए और योग के प्रचार के लिए मेरा मिशन स्वस्थ भारत के तत्वाधान में प्रतिदिन जोर-शोर से योग करवाया जा रहा है।योग गुरु दिनेश गुलाटी ने बताया कि शहर के लगभग 20 स्थानों पर मिशन की नियमित योग कक्षाएं हैं। और इसके अतिरिक्त समय समय पर विभिन्न स्थानों पर विशेष योग शिविर लगाए जाएंगे। उन्होंने योग कक्षा सेक्टर 6 तिकोना पार्क में पहुंचकर योग प्रोटोकाल का अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मद्देनजर कोई भी व्यक्ति योग और उसके लाभ से वंचित न रहे, और अधिक से अधिक लोग 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के दिन मिशन के साथ जुड़कर योग करें।योग साधकों का उल्लास और जोश देखने के लायक था और उन्होंने योग की सभी क्रियाएं विधिपूर्वक की। कक्षा में मुख्य रूप से योग शिक्षक देवेश भाटिया, सपना मक्कड, ममता धवन, मीतू तनेजा, भूपिंदर सिंह, सुमन, सरोज, करनदीप कौर, गोकुल किशोर, सुरजीत सिंह, परवीन उपस्थित रहे।

# स्वच्छता पखवाड़ा कैंपेन में तरावड़ी शहर में कपड़े के थैले किए वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा कैंपेन के अंतर्गत तरावड़ी शहर में प्लास्टिक आउट फैब्रिक इन अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत शहर में मोटीवेटरों द्वारा डोर टू डोर लोगों को प्लास्टिक के दुष्प्रभाव के बारे में अवगत करवाया गया और लोगों को कपड़े के थैले के महत्व के बारे में बताया गया । इस अभियान में मुख्य रूप से शहर के मां बाला सुंदरी महिला स्वयं सहायता समूह व माही महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भी बढ़-चढक़र भाग लिया । स्वयं सहायता समूह की इन महिलाओं ने मोटीवेटर राजवंती और परविंदर सिंह के साथ मिलकर कपड़े के थैले बांटते हुए लोगों को समझाया कि भी प्लास्टिक की थैलियां को छोडक़र कपड़े के थैलों का प्रयोग करना शुरू करें ताकि हम अपने आसपास के पर्यावरण को स्वच्छ बनाया जा सके । स्वच्छता पखवाड़ा कैंपेन की अगली कड़ी में पौधा रोपण की प्रक्रिया को भी शुरू किया गया। इस कड़ी मे शहर के विभिन्न स्थानों पौधारोपण किया गया। पौधारोपण की इस प्रक्रिया को और गति देने के लिए मोटीवेटरों में बताया कि आने वाले समय में शहर तरावड़ी की स्वच्छ पर्यावरण सेवा समिति की मदद भी ली जाएगी ।


तरावड़ी। मोटीवेटर राजवन्ती पौधारोपण की शुरूआत करते हुए।

### बेसहारा पशुओं की समस्या का निकाला जाए स्थाई समाधानः डीसी

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में शहर में बेसहारा पशुओं की समस्याओं के समाधान को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को इस समस्या के स्थाई समाधान निकालने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त उत्तम सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उन स्थानों का चयन कर सर्वेक्षण करें, जहां बेसहारा पशुओं की आवाजाही अधिक रहती है। ऐसे स्थानों का सर्वे कर मैपिंग की जाए। उन्होंने जिला की सभी 27 पंजीकृत और चार अपंजीकृत गौशालाओं का सर्वेक्षण करने के भी निर्देश दिए। उपायुक्त ने नई गौशालाओं के निर्माण के लिए ग्राम पंचायतों में भूमि चिन्हित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में पशुपालन विभाग के एसडीओ डॉ. रुपिंदर ने बताया कि पशुपालन विभाग द्वारा गत वर्ष अक्तूबर माह से अब तक लगभग 790 पशुओं को गौशालाओं में भेजा गया है और यह कार्य लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि जिले में वर्तमान में 27 पंजीकृत और चार अपंजीकृत गौशालाओं में 21,574 पशु मौजूद हैं।

## कांग्रेस और जेजेपी पर सुनेना चौटाला ने बोला हमला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल में इनेलो की महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने कांग्रेस पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक नेशनल पार्टी तो जरूर है, लेकिन हरियाणा जैसे अहम राज्य में वह आज तक अपनी प्रदेश कार्यकारिणी तक नहीं बना पाई। चुनाव हो गए, लेकिन नेता प्रतिपक्ष तक तय नहीं कर पाए।

उन्होंने कहा कि मुद्दा राहुल गांधी के हरियाणा आने का नहीं है, हरियाणा कांग्रेस की दिशा क्या है। आज प्रदेश की जनता कांग्रेस से पूरी तरह किनारा कर चुकी है। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सुनैना चौटाला ने भाजपा और मोदी सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सनातन का मुखौटा पहनकर असल मुद्दों से ध्यान भटका रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिंदूर को लेकर जो बयान दिया और फिर उसे फोटो लगाकर प्रचारित किया गया, वो सही नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा वालों को न तो सिंदूर की कीमत पता है और न उसका महत्व। हमारे देश का दुर्भाग्य है कि जो लोग आज सनातन धर्म के नाम पर सियासत कर रहे हैं, उन्हें बुनियादी समझ भी नहीं है। विधानसभा में गोबर पर बहस, जनता के मुद्दे गायबः सुनैना चौटाला ने कहा कि आज हरियाणा विधानसभा में गोबर जैसे विषयों पर बहस हो रही है, लेकिन बेरोजगारी, महंगाई, किसान मुआवजा जैसे मुद्दे चर्चा से बाहर हैं।

### श्रीमद् भागवत कथा में पंडित कृष्ण कौशिक ने किया प्रवचन

# कथा में श्रीकृष्ण के जन्म की लीला का वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

घरौंडा स्थित भगवान परशुराम मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में छठे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मुख्य कथा व्यास पंडित श्री कृष्ण कौशिक जी ने भक्तिभाव से सराबोर होकर भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के जन्म की दिव्य लीलाओं का अत्यंत प्रभावशाली और विस्तारपूर्वक वर्णन किया।

पंडित कौशिक जी ने श्रीराम जन्म की कथा सुनाते हुए बताया कि अयोध्या के राजा दशरथ की तीन रानियाँ थीं—कौशल्या, सुमित्रा और कैकेयी। पुत्र प्राप्ति के लिए राजा दशरथ ने ऋष्यश्रृंग मुनि द्वारा अश्वमेध यज्ञ कराया। यज्ञ के फलस्वरूप अग्नि देव ने उन्हें दिव्य खीर प्रदान की, जिसे तीनों रानियों ने ग्रहण किया। समयानुसार भगवान श्रीराम ने कौशल्या के गर्भ से जन्म लिया, लक्ष्मण और शत्रुघ्न का जन्म सुमित्रा से तथा भरत का जन्म कैकेयी से हुआ। श्रीराम के जन्म पर अयोध्या में उत्सव का माहौल था, सम्पूर्ण नगर दीपों और पुष्पों से सजाया गया था।

इसके बाद उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि द्वापर युग में मथुरा में कंस नामक अत्याचारी राजा का आतंक था। कंस की बहन देवकी का विवाह वासुदेव से हुआ था। आकाशवाणी द्वारा यह भविष्यवाणी हुई कि देवकी की आठवीं संतान कंस का वध करेगी। भयवश कंस ने देवकी और वासुदेव को कारागार में बंद कर दिया और एक-एक कर उनकी सात संतानों की हत्या कर दी। जब आठवीं संतान के रूप में भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लिया, तो उसी रात वासुदेव उन्हें लेकर गोकुल पहुंचे और यशोदा के गर्भ से जन्मी कन्या को लेकर वापस कारागार लौटे। इस प्रकार श्रीकृष्ण का बाल्यकाल गोकुल में नंद-यशोदा की छत्रछाया में बीता।





### श्रद्धालु प्रभु भक्ति में हुए भावविभोर

कथा के दौरान श्रद्धालु भावविभोर होकर भक्ति रस में लीन हो गए। संगीतमय कथा, भजन और शंखनाद के साथ वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय बना रहा। पंडाल में महिलाएं, पुरुष, वृद्ध और बच्चे बड़ी श्रद्धा और उत्साह से कथा श्रवण करते दिखाई दिए। कथा के समापन पर पंडित कौशिक जी ने बताया कि भगवान की लीलाओं का श्रवण जीवन को दिशा देता है और मन को पवित्र करता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे धर्मकथाओं का श्रवण करें और अपने जीवन में सदाचार व भक्ति को स्थान दें।

### सेक्टर 4 में एक पेड़ को ट्री गार्ड से मुक्त किया

**करनाल।** लक्ष्य जनहित सोसाइटी की ट्री गार्ड फ्री ट्री मुहिम लगातार जारी है। इस मुहिम के तहत मंगलवार को सेक्टर 4 में एक पेड़ को ट्री गार्ड से मुक्त किया गया। लक्ष्य जनहित सोसाइटी के फाउंडर दिनेश बक्शी ने सोसाइटी के सदस्यों व इंटर्नशिप पे आए यूपीईएस देहरादून के छात्रों के साथ मिलकर इस पेड़ को आजाद किया। विदित है कि लक्ष्य जनहित सोसाइटी की मुहिम ट्री गार्ड फ्री ट्री 1 जुलाई 2021 को शुरू की गई थी तब से अब तक 2 हजार 200 से अधिक विकसित पेड़ जो ट्री गार्ड से जख्मी हो गए थे उन्हें आजाद करवाया गया। इसमें सरकार का कोई सहयोग नहीं मिला। ये मुहिम अब तक नीलोखेड़ी, तरावड़ी, इंद्री, कुरुक्षेत्र व भिवानी तक पहुंची है। करनाल में सैकड़ों की संख्या में पेड़ आजाद हो चुके हैं। इस अवसर पर दिनेश बक्शी, पुनीत कुमार, मनोज तनेजा व पुनीत कुमार के साथ यूपीईएस देहरादून के छात्र मौजूद रहे।



**सार्वजनिक सूचना**

इस कार्यालय में गौरव कत्याल पुत्र स्व. राकेश कुमार निवासी मकान न. 24-ई हस्पताल एरिया नीलोखेडी ने कार्यालय नगरपालिका नीलोखेडी में प्रार्थना पत्र दिया है कि स्व. श्री राकेश कुमार कि मृत्यु दिनांक 09.12.2022 को हो चुकी है यह है कि प्रार्थी की जायदाद प्रोपर्टी/आईडी 7MD76TK1 मकान न0 24-ई हस्पताल एरिया नीलोखेडी प्रोपर्टी/आईडी में स्व. राकेश कुमार के वारिसान 1. बबीता विधवा 2. गौरव कत्याल पुत्र 3. आरती पुत्री 4. स्मृति कत्याल पुत्री हैं उपरोक्त वारिसान अपने नाम आईडी करवाना चाहते हैं। अगर उक्त विषय बारे किसी का कोई भी ऐतराज है तो वह अपना एतराज मय सबूत लिखित रूप में 30 दिनों के अन्दर-2 कार्यालय नगरपालिका नीलोखेडी में जमा करवा सकते हैं। इस अवधि उपरान्त कोई आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी तथा इस अवधि के उपरान्त प्रार्थी की प्रोपर्टी आईडी सबूतों के आधार पर इनके नाम कर दी जाएगी।

हस्ता/-सचिव
नगरपालिका नीलोखेडी।

**खबर संक्षेप**

### बिल्डर कंपनी पर हत्या करने का आरोप लगाया

**पानीपत।** पानीपत के गांव निजामपुर में खेत पर गए 55 वर्षीय बिजेंद्र संधू की जलने से मौत हो गई। बिजेंद्र का एक बिल्डर कंपनी से विवाद चल रहा है। आरोप है कि रात को कंपनी के कर्मचारियों ने खेत में लगे उसके ट्यूबवेल को तोड़ दिया। इसकी सूचना पर बिजेंद्र रात में ही मौके पर पहुंचा। वहीं जब परिजन खेत में पहुंचे तो बिजेंद्र जली हालत में मिला। बिजेंद्र को गंभीर हालत में पानीपत के अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत देखते हुए उसे रेफर कर दिया गया। बाद में दिल्ली के अस्पताल में इलाज के दौरान बिजेंद्र की मौत हो गई। इधर, बिजेंद्र ने मरने से पहले बिल्डर कंपनी के तीन चार लोगों पर आरोप लगाया कि उन्होंने पेट्रोल डाल कर उसे जलाया है। उधर, बिजेंद्र के पुत्र रोहित ने ने भी बिल्डर कंपनी के कर्मचारियों पर उसके पिता बिजेंद्र को जलाकर मारने का आरोप लगाए है। हुडा सेक्टर 13-17 थाना पुलिस ने रोहित के बयान दर्ज किए है। फिलहाल, पुलिस ने बिजेंद्र के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### नौकरी का झांसा देकर पांच लाख रुपये ठगे

**पानीपत।** पानीपत के गांव गढ़ी भलौर में संदीप उर्फ टीटू व इसकी ने नौकरी लगवाने के बहाने विशाल रावल से 5 लाख 35 हजार रुपये की ठगी कर ली। जबकि ठगी के आरोपी दंपति की डिमांड आठ लाख रुपये से ज्यादा की थी। इतने रुपए देने के बाद भी जब बात कोई आगे नहीं बढ़ी तो उन्हें शक हुआ। आस-पड़ोस में पूछने पर पता लगा कि ठगों ने कई लोगों के साथ ऐसा किया हुआ है। विशाल की शिकायत पर थाना बापौली पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विशाल का आरोप है कि आरोपियों ने उसकी और उसकी पत्नी की नौकरी लगवाने का झांसा देकर नगदी ठगी है। इधर, पुलिस ने ठगी के इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### यज्ञ के साथ आर्य वीरांगना कैंप शुरू

**पानीपत।** आर्य समाज मॉडल टाउन में महिला आर्य समाज के तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष की भांति वीरांगनाओं का बौधिक व शारीरिक उत्थान के लिए पंच दिवसीय शिविर का आरंभ यज्ञ द्वारा हुआ। आचार्य नंद किशोर ने यज्ञ के माध्यम से आशीर्वाछ दिया। जबकि ध्वजारोहण संयुक्त रूप से डॉ निधि, तमन्ना कुमार व ऋतम्भरा द्वारा किया गया। आर्य समाज मॉडल में चल रहे कन्या गुरुकुल की ब्रह्मचारिणी शील वंती, माधुरी व 22 कन्याएं उपस्थित रही और विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

### श्री गणेश मंदिर में पूजन किया

**पानीपत।** पानीपत के मॉडल टाउन की भाटिया कॉलोनी स्थित श्री गणेश मंदिर में श्री गणेश मंदिर सेवा समिति द्वारा आयोजित प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव तीसरे दिन भी जारी रहा। इस अवसर पर देवी मंदिर के मुख्य पुजारी एवं आचार्य, धर्माचार्य लालमणि पांडे की अध्यक्षता में अन्नाधिवास एवं रत्नादिवास कराया। कार्यक्रम में पूजा अर्चना में श्री गणेश मंदिर सेवा समिति के प्रधान बलदेव गांधी, महासचिव हरीश बंसल, सतीश फुटेला, अशोक यख्मी, जोगिंदर कुंडू, अशोक गुंबर, सुमित ठकराल, जोगिंद्र गाबा, गुलशन धमीजा, संजय गुप्ता, रामनिवास, दीपक अरोड़ा व भरम दत्त शर्मा आदि मौजूद रहे।

### संतों का भक्तजनों ने स्वागत किया

**पानीपत।** कुछ तो सुधार जिंदगी में कीजिये, थोड़ा थोड़ा प्यार प्रभु से कीजिये भजन के साथ रोहित मुनि ने भरी सभा को रोमांचित कर दिया और उपस्थित श्रावकों के मन के तार प्रभु महावीर की वाणी से जोड़ दिये। श्री वर्धमान श्वेतांबर स्थानकवासी जैन सभा अग्रवाल मंडी पानीपत के अध्यक्ष गौतम जैन ने बताया की संघ शास्ता शासन प्रभावक गुरुदेव सुदर्शन लाल के सुशिस्य एवं संघ संचालक मनोहर व्याखानी नरेश चंद्र मसाके आज्ञानुवर्ति रोहित मुनि, श्रेयांस मुनि आदि ठाने तीन जैन स्थानक अग्रवाल मंडी में पधारे, संतों का भक्तजनों ने स्वागत किया।

---

### औषधीय पौधे रोपकर मनाया विश्व साइकिल दिवस

# पानीपत रिफाइनरी में साइक्लोथॉन का आयोजन, ईडी डहरिया ने झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा का शुभारंभ किया



**पानीपत।** विश्व साइकिल दिवस पर पानीपत रिफाइनरी में साइकिल चलाते हुए नागरिक। फोटो :हरिभूमि

**हरिभूमिन्यूज ▶▶| पानीपत**

पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) की रिफाइनरी टाउनशिप में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में, विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में साइक्लोथॉन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्व साइकिल दिवस प्रतिवर्ष तीन जून को साइकिल चलाने के लाभों और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु मनाया जाता है। इस साइक्लोथॉन का शुभारंभ एमएल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, द्वारा झंडी दिखाकर किया गया। कार्यक्रम में पीआरपीसी परिवार के लगभग 500 सदस्यों, विशेष रूप से डीपीएस स्कूल के बच्चों, ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित किया। इसके अतिरिक्त, पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से एक चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 400 बच्चों ने सक्रिय भागीदारी की। इस अवसर पर डहरिया ने प्रतिभागियों को फलदार एवं औषधीय पौधे भी भेंट किए। इधर, विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में, टीम पीआरपीसी ने डहरिया के नेतृत्व में औषधीय पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता का परिचय दिया। आने वाले दिनों में, पीआरपीसी द्वारा पर्यावरण हितैषी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा। वहीं, डहरिया ने कहा कि स्वस्थ और फिट रहने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण हेतु साइकिल चलाने जैसी गतिविधियों को अपनी दैनिक दिनचर्या में



विश्व साइकिल दिवस पर प्रसन्न मुद्रा में साइकिल क्लब के सदस्यगण।

### विश्व साइकिल दिवस पर साइकिल यात्रा का आयोजन किया

**पानीपत।** *विश्व साइकिल दिवस मंगलवार को मनाया जाता है। पानीपत साइकिल क्लब द्वारा इस उपलक्ष्य में आज 25 व 50 किलोमीटर की साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा पानीपत टोल से शुरू होकर घरौंडा जीटी रोड से गुजरते हुए पानीपत टोल पर ही समाप्त हुई। पानीपत साइकिल क्लब के प्रधान बृज मोहन शर्मा ने बताया की साइकिल चलाने के कई फायदे हैं जो शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से आपको लाभान्वित करते हैं। यह एक बेहतरीन कार्डियो एक्सरसाइज है जो दिल को स्वस्थ रखने, वजन कम करने और रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करती है। साइकिल यात्रा में पवन अरोरा, संजय शर्मा, अरविन्द मखीजा, जितेंद्र, व मनोज शर्मा ने 25 किलोमीटर की व बृज मोहन शर्मा ने 50 किलोमीटर की साइकिलिंग की।*

---

## एसीबी ने पंचायत विभाग के उपाधीक्षक जोगेंद्र को हिरासत में लिया

- डिप्टी सुपरिटेंडेंट दास पर क्लर्क बिजेंद्र से प्रमोशन के नाम पर नगदी वसूलने का आरोप है

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत**

पानीपत में पंचायत विकास विभाग के उप अधीक्षक जोगेंद्र दास को रोहतक एंटी क्रप्शन ब्यूरो यानि एसीबी की टीम ने सोमवार को पानीपत से हिरासत में लिया। आरोप है कि उन्होंने अकाउंट क्लर्क बिजेंद्र कुमार से प्रमोशन दिलाने के नाम पर 1.40 लाख रुपये की वसूली की है। यह रकम वर्ष 2024 में ली गई थी, जब जोगेंद्र दास चंडीगढ़ में तैनात था। रुपए लेने के बाद भी प्रमोशन नहीं किया गया। मामले की एक ऑडियो भी सामने आई है। जोगेंद्र दास, क्लर्क बिजेंद्र से 50 हजार रुपये गूगल पे नंबर पर भेजने के लिए कह रहा है। स्मरणीय है कि बिजेंद्र कुमार रोहतक फील्ड कार्यालय में अकाउंट क्लर्क है। उसने विभागीय मुख्यालय और रोहतक एसीबी को शिकायत दी थी। शिकायत में कहा गया कि जोगेंद्र दास अब पानीपत में तैनात है और दोबारा प्रमोशन के नाम पर रुपये मांग रहा है। बिजेंद्र ने शिकायत के साथ रुपये के लेन-देन की रिकॉर्डिंग भी दी गई थी। एसीबी ने रिकॉर्डिंग और शिकायत के आधार पर कार्रवाई की। रोहतक एसीबी के डीएसपी रोहताश ढुल ने बताया कि जोगेंद्र दास से पूछताछ की जा रही है। दूसरी ओर, पंचायत विकास विभाग के तत्कालीन अधीक्षक प्रशासन नरेश कुमार ने बताया कि वर्ष 2024 में एक महिला के साथ जोगेंद्र दास की बिजेंद्र से रुपये लेने की ऑडियो वायरल हुई थी।

## मीठा पानी पिलाकर नागरिकों की प्यास शांत की

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत**

तहसील कैंप के वार्ड नंबर 4 की पटेल नगर खादी आश्रम वाली गली में बच्चों की ओर से ठंडे मीठे जल की छबील लगाई गई। उनके द्वारा हर आने जाने वाल राहगीर को रोक कर जल पिलाया गया। बच्चों ने बताया कि यह छबील उन्होंने अपनी रोज की मिलने वाली खर्ची से लगाई है। उन्होंने बताया कि उनके माता पिता ने सिखाया है कि भूखे को खाना और प्यासे को पानी पिलाने से बढक़र कोई पुण्य का कार्य नहीं है। इसलिए हमने अपनी जेब खर्ची बचाकर आज इस पुण्य के कार्य को किया। हुशाली, कशिश, जीविका, शिवाय, जेवेश, नित्य व रियांश ने सहयोग दिया। वहीं बच्चों की टीम ने घोषणा की है कि वे फिर जल्द ही जनता के लिए गर्मी से बचाव को मीठे पानी की छबील लगाएंगे।



पानीपत के पटेल नगर में जनता की मीठे पानी की सेवा करते बच्चे।

---

### लूट गिरोह का भंडाफोड़ पांच आरोपी पकड़े

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने राहगिरों से लूट, स्नेचिंग करने व दो पहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर नाबालिग सहित पांच आरोपियों शोएब पुत्र रहीशु निवासी गांव राणा माजरा हाल निवासी ईंट भट्ठा गांव ब्रहमपुर, अनुज पुत्र दुर्गेश निवासी गांव नंगला पार व सन्नी पुत्र सुलेखचंद निवासी गांव मवी जिला शामली, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों से पानीपत की पांच अपराधिक वारदातें करना कबूला है। वहीं पुलिस ने आरोपियों के पास से दो देसी पिस्तौल, दो मोबाइल फोन व चोरी की दो बाइक बरामद कर मंगलवार को पूछताछ के बाद नाबालिग आरोपी को जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे बाल सुधार गृह अंबाला भेज दिया गया। जबकि चार आरोपियों को कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया गया है।

## राष्ट्रीय निबंध लेखन में नीतीश ने मारी बाजी

- प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने छात्र नीतीश की इस उपलब्धि पर कालेज प्रांगण में पहुंचने पर किया स्वागत उज्ज्वल भविष्य की कामना की

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत**

आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र नीतीश ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। निबंध लेखन प्रतियोगिता उत्तर महाराष्ट्र के कवयित्री बहिणाबाई चौधरी विश्वविद्यालय, जलगांव द्वारा नौ मार्च को ऑनलाइन निबंध लेखन आयोजित करवाई गई थी। इस प्रतियोगिता में आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीएससी द्वितीय वर्ष के



आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता के साथ मेधावी छात्र नीतीश।

छात्र नीतीश ने ऑनलाइन माध्यम से निबंध लेखन में प्रथम स्थान हासिल कर हरियाणा, पानीपत व आर्य कॉलेज का नाम रोशन किया है। कॉलेज के महासचिव कमल किशोर ने इस शानदार उपलब्धि के लिए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता के साथ-साथ पूरे आर्य कॉलेज परिवार को बधाई दी। इधर, प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने छात्र नीतीश की इस उपलब्धि पर कालेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत व उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि छात्रों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए क्योंकि इससे उनकी बौद्धिक और शैक्षिक क्षमताओं में सुधार होता है। यह उनके आत्मविश्वास, रचनात्मकता और ज्ञान को भी बढ़ावा देता है। इस अवसर पर कॉलेज के अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

---

## समालखा में मार्शल आर्ट कैंप का शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा**

समालखा के पंचवटी में मंगलवर को चार दिवसीय ताइक्वांडो मार्शल आर्ट कैंप का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर बच्चों को आशिर्वाद देने के लिए हलका विधायक मनमोह सिंह भड़ाना के मामा सुधीर सरदाना पहुंचे और विवेक त्रिपाठी ऑफिस स्टाफ मारगेन्द्र राठी, नरेंद्र परवाना, शाहरोज, नाज़रीन, महक, प्रियंका ढांडा, कोच सागर, इंटरनेशनल मास्टर नरेश कुमार ने भी खिलाडियों को आशीर्वाद दिया। अथितियों ने दावा किया कि खेलों में भाग लेने से बच्चों का मनोबल बढता है और उनके अंदर संघर्ष करने की शक्ति बढती है। इस अवसर पर खिलाडियों ने रंगा रंग प्रोग्राम किया जिसमें नन्हे बच्चों ने डांस किए। कैम्प के इंचार्ज कोच सागर ने बताया के हमारा प्रयास अच्छे से अच्छे तकनीकी सिखाने का रहेगा। कैंप मे ताइक्वांडो के प्रति युवाओं में बढ़ती रुचि को और गति मिलेगी।



**पानीपत।** ताइक्वांडो मार्शल आर्ट कैंप का शुभारंभ अवसर पर अतिथियों के साथ खिलाड़ी प्रसन्न मुद्रा में। फोटो :हरिभूमि

## योग करने से शरीर रहता है हमेशा निरोग : अशोक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत**

भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति की ओर से मार्केट कमेटी पार्क में चले सात दिवसीय योग शिविर का मंगलवार को समापन हो गया। शिविर में सभी को योग जॉगिंग की क्रियाएं, ताड़ासन, त्रियक ताड़ासन, भुजंगासन, पादहस्त आसान, त्रिकोणासन, कोणासन व वृक्षासन आदि कराए गए। योग कराने वाले शेषपाल सिंह, अशोक अरोड़ा, सुदेश शर्मा, रेखा सेठिया, सुमन, शकुंतला आर्य, राज दहिया, रेखा सिंगल, दीप्ति व सविता आदि शामिल रहे। वहीं सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर लगाने का निर्णय लिया गया जो 20 जून तक चलेगा। इस अवसर पर सभी को एक एक पौधा भेंट किया गया। इधर, अशोक अरोडा ने दावा किया कि प्रति दिन योगासन करने से मानव शरीर निरोगी हो जाता है।



**पानीपत।** योग शिविर के समापन पर योग शिक्षक व साधक प्रसन्न मुद्रा में।

---

### एमएलए विज के आग्रह पर सीएम सैनी ने रद्द किए सभी विज्ञापनों के नोटिस

## विधायक प्रमोद ने व्यापारियों से किया वायदा निभाया



पानीपत। मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात करते हुए विधायक प्रमोद विज।

***हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत***

*नगर निगम द्वारा शहर के व्यापरियों को विज्ञापन हेतु पिछले दिनों नोटिस जारी किया गया था। जिसे लेकर बाजार प्रधानों एवं व्यापरियों द्वारा शहरी विधायक प्रमोद विज द्वारा नगर निगम एवं व्यापरियों के मध्य मध्यस्थता करते हुए आश्वासन दिया गया था कि मंगलवार को चंडीगढ़ में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी से मामले को अवगत कराएंगे। विधायक विज ने अपना आश्वासन पूरा करते हुए मुख्यमंत्री को मामले से अवगत कराते हुए बताया कि व्यापरियों को निगम के विज्ञापनों के नियमों की जानकारी नहीं थी एवं राहत देने हेतु आग्रह किया। जिसपर मुख्यमंत्री ने संज्ञान लेते हुए तुरंत प्रभाव से पानीपत के व्यापरियों को भेजे गए विज्ञापनों के नोटिस तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिए हैं। विधायक प्रमोद विज ने बताया कि व्यापरियों के विज्ञापन का पुराना बिल माफ कर दिया गया है किंतु भविष्य में उनके हित हेतु विज्ञापन के नए नियम बनाए जाएंगे। वहीं निगम नोटिस रद्द होने की खबर मिलते ही बाजार के व्यापरियों एवं प्रधानों में खुशी की लहर है। व्यापरियों ने मुख्यमंत्री नायब सैनी एवं विधायक प्रमोद विज का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि ये सरकार द्वारा व्यापारियों के हित में लिया गया कदम सराहनीय है। सभी व्यापारी सरकार के आभारी हैं।*

### समालखा में छप रही थी एनसीईआरटी की नकली किताबें

- यूपी पुलिस का प्रिंटिंग प्रेस पर छापा, सील की, 1.33 लाख नकली किताबें व तीन करोड़ का सामान बरामद

**समालखा।** समालखा में अवैध रूप से एनसीईआरटी की नकली किताबें छाप रही एक फैक्ट्री पर मंगलवार को उत्तर प्रदेश के की मुजफ्फरनगर पुलिस ने रेड की। यहां पर भारी संख्या में नकली किताबें जब्त की गई। पुलिस ने फैक्ट्री को सील कर दिया है। साथ ही पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। फैक्ट्री से 1.33 लाख नकली किताबें और तीन करोड़ रुपये का सामान बरामद किया है। इधर, मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा ने बताया कि खतौली पुलिस और एसओजी को एक जून को सूचना मिली थी कि मेरठ से कुछ लोग नकली किताबों की खेप लेकर आ रहे हैं। चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध वाहनों को रोका गया और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जांच में पता चला कि आरोपी समालखा के इंडस्ट्रियल एरिया में किराए पर प्रिंटिंग प्रेस चला रहे थे। छपी किताबों को खतौली के गांव भैंसी के गोदाम में रखा जाता था, जहां से विभिन्न राज्यों में सप्लाई की जाती थी।

# 17 करोड़ की लागत से बनेगा 100 बैड का नया अस्पताल

- 24 घंटे उच्च गुणवत्तापरक बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 38.78 करोड भी मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई हाई पॉवर परचेस कमेटी की बैठक में अंबाला छावनी के विकास के लिए लगभग 56 करोड रूपए से बिजली के क्षेत्र में ढांचागत सुदृढीकरण और स्वास्थ्य के क्षेत्र में लोगों को बेहतर सेवाएं मुहैया करवाने के लिए अवसरंचना के निर्माण कार्यों को मंजूरी प्रदान की गई है। परिवहन एवं उर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि अंबाला छावनी में 100 बिस्तर का एक अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा करवाने के लिए हाई पॉवर परचेस कमेटी की बैठक में 17 करोड रूपए की राशि को मंजूरी प्रदान की गई है ताकि अंबाला छावनी के वासियों को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया हो सकें। उन्होंने बताया कि अंबाला छावनी में बनाए जा रहे अस्पताल में कुल 7 मंजिलें होंगी जिनमें से एक ग्राउंड फलोर, दो बेसमेंट तथा चार मंजिलें ऊपर होंगी। इस अस्पताल में एक क्रिटिकल केयर यूनिट को बनाया जाएगा जबकि यहां पर एक आपातकालीन वार्ड भी होगा जहां पर मरीजों को तत्काल उपचार उपलब्ध करवाया जाएगा। इसी प्रकार, अपर बेसमेंट में एमपीजीएस प्लांट रूम भी स्थापित होगा। ग्राउंड फलोर में केयर लैब, एक्सरे रूम, केन्द्रीयकृत नर्सिंग क्षेत्र, नर्सिंग स्टेशन इत्यादि होंगें। इसी तरह, प्रथम तल पर बड़े वार्ड में नर्सिंग स्टेशन केंद्र होगा। डॉक्टर कक्ष, नर्स कक्ष, प्रक्रिया कक्ष, एएचयू के साथ वार्ड, एलडीआर/बहुउद्देशीय नैदानिक क्षेत्र, बड़े वार्ड में उपकरण रखने की जगह और साफ-सफाई की सुविधा होगी। ऐसे ही द्धितीय तल पर आईसोलेशन कक्ष, सभी संक्रमित आइसोलेशन कक्षों में नेगेटिव दबाव होगा तथा एक छोटा नर्सिंग स्टेशन भी उपलब्ध कराया जाएगा। गैर संक्रामक क्षेत्र में सुपरस्पेशलिटी वार्ड होंगें। बड़े वार्ड में नर्सिंग स्टेशन केंद्र स्थापित होगा। बड़े वार्ड में उपकरण रखने की जगह और स्वच्छ उपयोगिता की व्यवस्था होगी तथा बर्न वार्ड में सकारात्मक दबाव वाले कमरे के साथ-साथ बॉडीवॉशिंग क्षेत्र, नर्सिंग स्टेशन, शौचालय आदि होंगे।

### हाई पॉवर परचेज कमेटी ने दी मंजूरी

ऐसे ही, तीसरे तल पर आईसीयू/एचडीयू में नर्सिंग स्टेशन केंद्र, आईसीयू में उपकरण रखने की जगह और साफ-सफाई की सुविधा, आईसीयू में दो बेड पर आरओ प्वाइंट के साथ डायलिसिस की व्यवस्था, उपकरण भंडार की सुविधा, उपचार कक्ष, नर्स ड्यूटी रूम, प्रतीक्षा क्षेत्र, काउंसलिंग के लिए एक केबिन की सुविधा भी होगी। चौथे तल पर सुपरस्पेशलिटी ओटी की सुविधा, पूरे ओटी परिसर को कवर करने के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था इत्यादि होगी। मंत्री ने बताया कि अंबाला छावनी को सुचारू रूप से 24 घंटे उच्च गुणवत्तापरक बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए परचेस कमेटी में 38.78 करोड रूपए की मंजूरी प्रदान की गई है। इस राशि से अंबाला छावनी में ऊर्जा के क्षेत्र का सुदृढीकरण किया जाएगा। संशोधित वितरण क्षेत्र योजना के अंतर्गत अंबाला कैंट में 38.78 करोड़ रूपए के कार्य किए जाएंगें। इसमें 232 सर्किट किमी एलटी नंगे कंडक्टर को विभिन्न आकारों के एलटी आर्मर्ड एक्सएलपीई केबल से बदलना, 77 सर्किट किमी नए एसीएसआर कंडक्टर/एक्सएलपीई केबल के साथ मौजूदा 11केवी लाइन का विभाजन/संवर्द्धन और 127 नंबर वितरण ट्रांसफार्मरों का विस्तार का कार्य किया जाएगा।



अंबाला। अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल का बाहरी दृश्य।

## खबर संक्षेप

### धान की सीधी बिजाई करें किसान

अंबाला। कृषि विभाग द्वारा जिले में 15000 एकड़ में धान की सीधी बिजाई करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से किसानों को धान की सीधी बिजाई के प्रति जागरूक किया जाएगा। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार धान की सीधी बिजाई से न केवल धान की लागत कम होगी बल्कि समय व धन की बचत के साथ उत्पादन भी अधिक होता है। इस योजना के तहत धान की सीधी बिजाई करने वाले किसान को 4500/- रूपये प्रति एकड़ का अनुदान दिया जाएगा।

### शिवजीत भारती ने संभाला एसडीएम का कार्यभार

नारायणगढ़। एचसीएस अधिकारी शिवजीत भारती ने मंगलवार को



उपमंडल अधिकारी (नागरिक) का पदभार संभाल लिया है। 2020 बैच की एचसीएस अधिकारी भारती को प्रदेश सरकार द्वारा नारायणगढ़ शुगर मिल की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सह कार्यकारी निदेशक भी नियुक्त किया है। कार्यभार ग्रहण के उपरांत एसडीएम शिवजीत भारती ने कहा कि उनकी प्राथमिकता जनता को पारदर्शी, संवेदनशील एवं प्रभावी प्रशासन उपलब्ध कराना है। साथ ही जनहित में योजनाओं का कुशल क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है।



### प्राकृतिक खेती के लिए भी किया प्रोत्साहित

अंबाला। करनाल स्थित राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. धीर सिंह ने विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत गांव पसियाला में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने इस दौरान वैज्ञानिक एवं कृषक संवाद में भागीदारी की। उन्होंने सभी किसानों से बात करते हुए उनकी विभागीय योजना एवं अनुसन्धान योगी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की जिसमें खास तौर से शहद उत्पादकों द्वारा शहद बेचने के लिए कोई प्लेटफॉर्म न मिलना तथा सूरजमुखी की बिक्री समय से न हो पाना इत्यादि विषयों पर खुलकर चर्चा की। उन्होंने किसानों को कृषि के साथ डेयरी को अपनाकर अपनी आय बढने के लिए प्रेरित किया।

### स्वस्थ रहने के लिए चलाएं साइकिल

कुरुक्षेत्र। जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य के प्रति युवाओं को जागरूक करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साइकिल दिवस पर साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। इस साइक्लोथॉन में भारतीय खेल प्राधिकरण कुरुक्षेत्र, जिला खेल विभाग के साथ मिलकर 10 किलोमीटर साइकिल चलाया।

## किसानों ने तुलाई से पहले पंखा लगाए जाने का किया कड़ा विरोध

# सूरजमुखी की खरीद के पहले ही दिन अनाज मंडी में हुआ बवाल

राज्य सरकार के साथ खरीद एजेंसी के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना



मुलाना। अनाजमंडी में खरीद का विरोध करते किसान

लेट ही सही लेकिन अनाज मंडियों में सूरजमुखी की खरीद शुरू हो गई। सरकार द्वारा 1 जून से खरीद शुरू करने की बात कही जा रही थी लेकिन नही हो पाई। 3 जून दिन मंगलवार को अनाज मंडी में जैसे ही खरीद शुरू हुई बवाल हो गया। उस समय अनाज मंडी में भारी हंगामा हो गया जब सूरजमुखी की तुलाई के दौरान किसानों ने मंडी में मौजूद अधिकारियों के खिलाफ जमकर नाराजगी जाहिर की। किसानों का आरोप था कि सूरजमुखी की तुलाई से पहले खरीद एजेंसियों के अधिकारी बार-बार पंखा लगा रहे हैं। इसके कारण सूरजमुखी को कम करने की कोशिश की जा रही है जिससे उन्हें भारी नुकसान हो रहा है। मंडी में मौजूद किसानों ने इस प्रक्रिया को अन्यायपूर्ण करार दिया। इसे सुनियोजित तरीके से किसान की मेहनत का हनन बताया। सूरजमुखी बेचने आए किसानों के अनुसार उनके द्वारा लाई गई सूरजमुखी की फसल में खरीद एजेंसी तीन और चार बार पंखा लगवा रही है। जोकि गलत है। इससे फसल का वजन कम होने के साथ-साथ लेबर का व्यय भी काफी बढ़ जाता है।

गुस्साए किसानों ने सरकार के खिलाफ वहां जमकर नारेबाजी भी की। माहौल गर्माता देख मौके पर इस बीच आए सर्वेयर के व्यवहार से किसान और अधिक नाराज हो गए। काफी समय बाद किसानों व खरीद कर रहे वेयरहाउस कोर्पोरेशन के बीच फसल में केवल एक बार पंखा लगाने या फिर ज्यादा मात्रा में कचरा होने पर दो पंखा लगाने पर सहमति बनी और खरीद सुचारू रूप से हो सकी।

किसान हरनाम सिंह धीन, अमरीक सिंह सोहाना, महिंद्र सिंह, संजू तलहेड़ी, संदीप अलीपुर, रामचंद्र धनौरा, जसवंत धनौरी, बलविन्द्र धनौरी, जय सिंह धनौरा, राकेश बधौली, रोहित, जगजीत सिंह होली, दलबीर सिंह धनौरी, कुलवंत धनौरी, सोमनाथ, प्रवीण सिरसगढ़ने बताया कि वो मंगलवार सुबह अनाज मंडी में सूरजमुखी की फसल बेचने आए थे। सूरजमुखी की खरीद का पहला दिन भी था। जोकि वेयरहाउस द्वारा की जा रही थी लेकिन किसानों को तब अचरज हुआ जब खरीद कर रहे अधिकारियों ने उनकी फसल में दो बार पंखा लगने के बावजूद तीसरी बार पंखा लगाने को कहा। किसानों ने कहा कि फसल में बार बार पंखा लगाने से वजन में भारी गिरावट होती है। लेकिन उन्हें किसी अधिकारी ने सही जवाब नहीं दिया। इसके चलते फसल की खरीद भी नहीं हुई। दोपहर करीब तीन बजे सुपरवाइजर प्रीतम ने उच्च अधिकारियों से बात कर किसानों को समझाया। किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी फसल में केवल एक बार पंखा लगाया जाएगा।

अधिक कचरा होने पर दूसरी बार भी पंखा लगाया जा सकता है। सोहाना गांव के रहने वाले किसान अमरीक सिंह ने कहा कि वह सुबह के छह बजे से अनाज मंडी में आए हुए है जबकि खरीद एजंसियों के अधिकारी यहां 11 बजे पहुंचे है।सूरजमुखी की फसल में तीन बार पंखा लग चुका है। चौथी बार पंखा लगाने की बात कही जा रही है जो कि कत्तई गलत है। किसान हरनाम सिंह ने बताया कि वे भी सूरजमुखी लेकर आए है। यहां तुलाई से पहले खरीद एजेंसियों द्वारा कई कई बार सूरजमुखी में पंखा लगाया जा रहा है जो कि बिल्कुल गलत है।

### किसानों की बनी सहमति

सूरजमुखी की फसल से कचरा साफ करने को लेकर पंखा लगाया जाता है। किसानों से सहमति बन गई है कि फसल में अधिक कचरा होने पर दो बार पंखा लगाया जाएगा। नहीं तो केवल एक बार ही पंखा लगाया जाएगा। किसान संतुष्ट है।
-प्रीतम सिंह, सुपरवाइजर, वेयरहाउस कोरपोरेशन



अंबाला। विकास योजनाओं का शिलान्यास करते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

## कई गांवों की बदलेगी तस्वीर, 8.27 करोड़ की विकास योजनाओं का हुआ शिलान्यास

- नायाब अंबाला का संकल्प लेकर अंबाला शहर विधानसभा में विकास को दे रहे हैं रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नायाब हरियाणा का संकल्प लेकर चल रही सूबे की नायब सरकार इन दिनों प्रदेश के चहुंमुखी विकास में जुटी है।इसी कड़ी में प्रदेश के पूर्व मंत्री असीम गोयल भी नायाब अंबाला का संकल्प लेकर अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में विकास को रफ्तार दे रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी की विकास के प्रति नायब सोच की बदौलत अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में आए दिन करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का आगाज़ हो रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार का दिन शहर विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बेहद खास रहा। शहर विधानसभा के गांवों को लगभग 8 करोड़ 27 लाख रुपये की नायब सौगात मिली। मंगलवार को पूर्व मंत्री असीम गोयल ने विभिन्न गांवों में पानी की पाइप लाइन डलवाने,मुख्य सड़कों का निर्माण,नए ट्यूबवेल,हर्बल पार्क सहित अन्य महत्वपूर्ण विकास कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास किए। इस दौरान गांवों में पहुंचने पर गोयल का ग्रामीणों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। कहीं सम्मान का प्रतीक पगड़ी पहनाकर तो कहीं शॉल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ देकर ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री का स्वागत किया। इस दौरान असीम गोयल ने गांव वासियों को संबोधित करते हुए बताया कि नायाब मुख्यमंत्री नायब सैनी की सरकार में अंबाला के विकास के लिए बजट की कोई कमी नहीं है। यह हमारा सौभाग्य है कि अंबाला का बेटा प्रदेश का मुखिया है। उन्होंने कहा कि ये उद्घाटन और शिलान्यास तो फिलहाल ट्रेलर हैं। आने वाले समय में यहां विकास कार्यों की झड़ी लगने वाली है। इलाके के हर कोने में विकास होगा।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, मंडल अध्यक्ष दिनेश लदाना, मंडल अध्यक्ष गुरजंट सिंह, महामंत्री गुरजीत सिंह, अमरजीत सिंह, शेर सिंह नग्गल, रघुबीर सिंह, संजीव गोयल टोनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष गुरजंट सिंह, सोमनाथ, ब्लॉक समिति सदस्य मनजीत सिंह, सुनील सौंटी, मामचंद, अंग्रेज सिंह, भाजपा नेता रितेश गोयल, विभिन्न गांवों के सरपंच व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## आईआईटी जेईई एडवांस में सूरज स्कूल का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



आदित्य अतुल तेजल

गत दिवस जेईई एडवांस के परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए सूरज स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने विद्यालय, क्षेत्र तथा माता-पिता के नाम को रोशन किया। विद्यालय निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर आयोजित इस परीक्षा में छात्र अतुल पुत्र राजकुमार गुप्ता ने 2223वीं रैंक, तेजल पुत्री विजयचंद ने 2542वीं एवं आदित्य पुत्र जयपाल सिंह ने 2592वीं रैंक हासिल कर विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा आयुष तिवारी ने 2867वीं रैंक, कल्पना ने 3688वीं रैंक, करिश्मा ने 3747वीं रैंक, हिमांशी ने 3988वीं रैंक, तनुजपाल ने 4619वीं रैंक, इरफान ने 5117वीं रैंक, निखिल शर्मा ने 5269वीं रैंक, अभिनव कुमार ने 6816वीं रैंक, मानविक कुमार गुप्ता ने 9456वीं रैंक, निष्ठा ने 9695वीं रैंक सहित अन्य विद्यार्थियों कुणाल, अभिषेक, भविष्य, सोनाक्षी, कमल, समीक्षा, हर्षित, मनोज, सोनम चौहान, अजय कुमार, पवन शर्मा, विजयपाल, हरकेश, रीतु कुमारी, मोनिका आदि विद्यार्थियों ने भी अच्छे रैंक के साथ इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने करने में सफलता प्राप्त की। निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया देश के प्रतिष्ठित आईआईटी संस्थानों में दाखिला प्राप्त कर इंजिनियरिंग की पढ़ाई करेंगे तथा तकनीकी क्षेत्र में देश को आगे बढ़ाने में अपना अहम योगदान देंगे। उन्होंने बताया कि सूरज संस्थानों के विद्यार्थियों ने विभिन्न क्षेत्रों में सफलता हासिल कर नए कीर्तिमान स्थापित किए है, इस वर्ष घोषित हुए सीबीएसई बोर्ड सहित जेई मेन्स, सीए, नीट, आदि सभी तरह की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतरीन प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

## कब्रिस्तान में ट्यूबवेल लगाने का विरोध

- मुस्लिम समाज ने नारेबाजी कर जताया रोष
- रोषित लोगों ने डीसी को ज्ञापन देकर काम रोकने की लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। कब्रिस्तान की जमीन पर खड़ी बोरिंग मशीन।

पब्लिक हेल्थ विभाग द्वारा कब्रिस्तान में पेयजल ट्यूबवेल को लगाने को लेकर मुस्लिम समाज में भारी रोष है। इस बारे में मुस्लिम समाज के जिला प्रधान सैयद अहमद खान के द्वारा उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा गया है। इसमें यह कहा गया है कि रविदास बस्ती (नजदीक जैन कॉलेज के पीछे) कागजों में लगभग 5 एकड़ भूमि है। इसकी मलकीयत हरियाणा (पंजाब) वक्फ बोर्ड द्वारा कब्रिस्तान के लिए स्थाई रूप से आरक्षित है। इस जगह पर लगभग 100 वर्षों से कब्रिस्तान बना हुआ है जोकि चालू हालत में है। यहां पर हमारे पूर्वजों की कब्रें हैं। पब्लिक हेल्थ विभाग द्वारा कब्रिस्तान में पेयजल ट्यूबवेल लगाने की तैयारी की जा रही है। विभाग ने अवैध रूप से इस कब्रिस्तान की भूमि पर ट्यूबवेल लगाने मशीन, पाइपें, ईंटे व अन्य समान भूमि पर लाकर रख दिया गया है। यह सरासर गलत है। यह मुस्लिम समाज के अधिकारों का हनन है। इससे मुस्लिम समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाई जा रही है। उनका कहना है कि यह उनके ईमान का हिस्सा है। हमारी पवित्र किताब कुरान करीम में इस बात का जिक्र है कि कब्रिस्तान का एहतराम करो क्योंकि यह पाकीज़ा स्थान है। यहां पर हमारे बुजुर्ग, मासूम बच्चे, बड़े नौजवान, औरतें जो इस दुनियां को अलविदा कह चुके हैं। वह सब अपनी कब्रों में लेटे हुए हैं। हर साल हमारा समाज शबे बरात जोकि हमारी पाकीजा और बा-बरकत रात होती है। उस रात हम खासतौर पर कब्रिस्तान में जाते हैं। अपने प्रियजन की कब्र पर फातिहा पढ़ते हैं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रमुख रूप से मुफती मोहम्मद शहबाज कासमी, रजा ए मुस्तफा के प्रधान मेराज आलम, इसरार अहमद,अब्दुल कादिर कमरूल इस्लाम, नासीर हुसैन, शकिल अहमद, कारी उजैर अहमद, कारी मोहम्मद राशिद, नौशाद हुसैन, नीरज सेठ, राजिंदर सिंह बिट्टू, गुरजिंदर सिंह झांडी, शकील अहमद,असद अहमद, मोहम्मद शारिक, मोहम्मद सुहैल, नावेद खान, शाहिद ठेकेदार, अब्दुल वली खान, कमर हसन, जाहिद हुसैन, अकबर अली साबरी, मोहम्मद मोहसिन, गोल्डन राजपूत भी मौजूद थे।

## पर्यावरण दिवस पर सवाल, कब जागेगा इंसान, कब बचेगी जान?

चंडीगढ़। पर्यावरण संरक्षणके स्वयंसेवी संगठनों ने चंडीगढ़ में विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) से लोगों को पर्यावरण संरक्षण का ज्ञान देने के लिए एक खास जागरूकता अभियान शुरू किया है।मिट्टी को बचाना, कचरे को कम करना और हरियाली को बढ़ाना इस वर्ष का मुख्य लक्ष्य है। मिट्टी की बचत ही हरियाली को बचाएगी; नदियों, कुओं, बोरवेलों और नहरों का पीने योग्य जल भी प्रदूषण से बचाया जा सकेगा और तभी जीवन फिर से जीवित होगा। साथ ही, कचरा प्रबंधन के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए स्कूलों, कॉलोनियों, औद्योगिक क्षेत्रों और व्यावसायिक संस्थानों में कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जा रहा है. इससे लोगों, उद्यमियों और कर्मचारियों को सही तरीके से कचरा पृथक्करण और निपटान की जानकारी मिलेगी।

पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के लिए हमें धर्म, जाति, उम्र, राजनीतिक विचारधारा, संस्कृति या किसी भी अन्य भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुट होना चाहिए।यदि हम आज नहीं जागेंगे, तो आने वाली पीढ़ियां हमें कभी क्षमा नहीं करेंगे।यह सिर्फ प्रकृति का नहीं, बल्कि हमारे अस्तित्व का मुद्दा है—यही कारण है कि हमें अब एकजुट होना चाहिए क्योंकि अगर ऐसा नहीं होता तो हमें भविष्य में मुश्किल होगा। मिट्टी की रक्षा जीवन के लिए महत्वपूर्ण है।

## पंद्रह दिन से चल रही नृत्य कार्यशाला का हुआ समापन, दर्शकों ने जमकर लिया लुत्फ

# हरियाणवी नृत्य कला पर कलाकारों ने मचाया धमाल, जमकर बजी तालियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणवी लोक नृत्य कार्यशाला का मंगलवार को समापन हो गया। अंबाला छावनी के लघु बाल भवन में आयोजित यह कार्यशाला पिछले पंद्रह दिन से चल रही थी। प्रोग्राम का आयोजन उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला एवं जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजन किया गया 1 इस अवसर पर जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक ने बताया की प्रदेश की वैवाहिक रस्में समस्त समाज मिलजुल कर मनाता है 1 यह सामाजिक रिश्ते आपसी विचार विमर्श उपरांत गोत्र मिलान विचार विमर्श किए जाते है 1 विवाह की सूचना मिलते ही लड़के के घर पीली चिट्ठी भेजी जाती है। लड़कें एवं लडकी की मां अपने पीहर में भात न्यातने जाती है। इसी दिन गीतों व भजनों का व्याखयान होने लगता है। सर्वहारा समाज घुल मिल कर चाक पूजने कुम्हार के यहां जाता है। झाब भरी मिट्टी के बर्तनों को सात सुहागन लेकर आती हैं। लड़के-लडकी को बान बिठाया जाता हैं। सात सुहागने मूसल से चोट मारकर जो हल्दी-मटना बनाती हैं। लडकी के यहां बनवाडा निकालते हैं1 भातियों द्वारा मट्ठा रोपने की रसम निभाई जाती हैं। बारात का सेवल ढुकाओ पर आरता – निम झड़ाई आदि की रस्में निभाई जाती हैं। सालियों द्वारा बारातियों को सीठने दिए जाते हैं। इस अवसर पर दूल्हे से साली द्वारा हास्य परिहास और छन सुने जाते हैं। मां द्वारा बेटी को शिक्षा एवम् विदाई रस्म अदा की जाती हैं। कार्यशालाओं में युवा पीढ़ी को लोक संस्कृति परंपराओं से अवगत करवाना और हरियाणवी वेश-भूषा, रीति रिवाजों व पारंपरिक लोक नृत्यों की जानकारी दी गइ्र ताकि बच्चे अपनी लोक संस्कृति के पहरेदार बन सके। वरिष्ठ प्रशिक्षक बुधराम ने बताया की ऐसी कार्यशालाओं के माध्यम से हजारों बच्चों को प्रशिक्षित कर स्कूल, कॉलेज, विश्वविधालय व फिल्म इंडस्ट्री में हरियाणवी कला का प्रचार प्रसार कर रहे हैं।



अंबाला। हरियाणवी नृत्य पर प्रस्तुति देते कलाकार।

### ये रहे मौजूद

कार्यशाला के समापन अवसर पर बच्चों द्वारा तैयार नृत्यों की कुमारी निकिता, कनिष्टi, गीतांजलि, मिष्टी, परी, मानवी, राजनंदनी, चेतना, निहारिका, यशिका, पायल, दिव्य, समेत कई कलाकारों ने धमाकेदार प्रस्तुतियां दी।